
# डालाछठ पर गलताजी में उमड़े हजारों श्रद्धालु



सूर्य उपासना का महापर्व डाला छठ के अवसर पर रविवार को बिहारी समाज के लोगों ने डूबते सूर्य को पहला अर्घ्य देकर छठी मैया का गुणगान किया। गलता तीर्थ समेत कई जगहों पर मेले सा माहौल रहा। गलता तीर्थ में महंत स्वामी अवधेशाचार्य के सान्निध्य में गंगा आरती हुई, इससे पहले अस्ताचल गामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के लिए भक्तों में होड़ सी मची। छठ पर्व महोत्सव के तहत कार्तिक शुक्ल सप्तमी पर सोमवार को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन किया जाएगा। फोटो : राष्ट्रदूत

## सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ली

**जयपुर।** आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय पूर्व विधायक एवं पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी के हाथों विधान सभा क्षेत्र के सैंकड़ों कांग्रेस कार्यकताओं ने भाजपा का दुपट्टा पहनकर सदस्यता ग्रहण की। भाजपा के आदर्श नगर मण्डल अध्यक्ष डॉ.के.एम.पारीक ने बताया की युवा मोर्चा राहूल सैनी, चितरंजन सैनी के सहयोग से शुभम सैनी के नेतृत्व में सैंकड़ों कांग्रेस कार्यकताओं ने कांग्रेस सरकार से विमुख होकर भाजपा का दामन थामा। अशोक परनामी ने नये जुड़े कार्यकताओं का बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की तथा बताया कि कांग्रेस की सरकार राजस्थान में न तो युवाओं को रोजगार दे पा रही है एवं नहीं सामाजिक सुरक्षा प्रदान कर पा रही है, इसलिए राजस्थान का युवा लालायित है। राष्ट्रवादी विचार धारा से जुड़ने के लिए। इस कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलामंत्री अनुराग खेतान, मण्डल अध्यक्ष डॉ के.एम.पारीक, पार्षद किशोर मोतियानी, पार्षद प्रत्याशी आशीष मेहता सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मंत्रालयिक कर्मचारियों का धरना 11 को

**जयपुर।** मंत्रालयिक कर्मचारियों के लिए सचिवालय के समान वेतनमान, कनिष्ठ सहायक को आरंभिक वेतन 25500, सहित 9 सूत्री मांग पत्र के समर्थन में 11 नवंबर को शहीद स्मारक पर बाबुओं धरना एवं प्रदर्शन कार्यक्रम में आमंत्रण के लिए राजस्थान राज्य मंत्रालयिक कर्मचारी संघर्ष समिति सोमवार से विभागों में जाकर पीले चावल बांटकर मंत्रालयिक कर्मचारियों का आव्हान करेगी।

संघर्ष समिति द्वारा 31 जुलाई तक सरकार को संघर्ष समिति के मांग पत्र पर उचित समाधान निकालने का अल्टीमेटम दिया था तथा ऐसा नहीं करने पर प्रांत व्यापी आंदोलन की चेतावनी थी।

## ‘स्टैच्यू सर्किल के सौंदर्यीकरण की विशेष योजना बनेगी’

**जयपुर** (कासं)। राजपूत सभा भवन और जयपुर नगर निगम ग्रेटर की टीम ने रविवार को जयपुर की स्थापना करने वाले राजा सवाई जयसिंह द्वितीय की स्टेच्यू सर्किल पर लगी प्रतिमा को चमकाया। दरअसल आगामी 3 नवम्बर को सवाई जयसिंह द्वितीय की 335वीं जयन्ती है, ऐसे में उनकी प्रतिमा और स्टेच्यू सर्किल पर गंदगी को दूर करने के लिए रविवार को यहां स्वच्छता अभियान चलाया गया था।

स्वच्छता अभियान में नगर निगम ग्रेटर के उपमहापौर पुनीत कर्णावट, राजपूत सभा भवन के अध्यक्ष राम सिंह राजावत, महामंत्री बलबीर सिंह हाथोज, सुरेन्द्र सिंह नरुका और उनकी टीम ने संयोजक संजय जांगिड़ की मदद से यहां साफ-सफाई की। इस अभियान में बडी संख्या में राजपूत समाज के लोग जुड़े और श्रमदान किया।



**नगर निगम ग्रेटर जयपुर और राजपूत सभा भवन की टीम ने रविवार को स्टेच्यू सर्किल पर लगी सवाई जयसिंह की प्रतिमा की सफाई की। इसके बाद यहां पौधारोपण भी किया।**

उपमहापौर पुनीत कर्णावट ने बताया कि विश्व मानचित्र पर विशिष्ठ स्थान रखने वाले जयपुर के संस्थापक सवाई जयसिंह जी की प्रतिमा और सवाई जय सिंह सर्किल की स्व्च्छता का विशेष ध्यान रखा जायेगा। उन्होंने बताया कि इस सर्किल के सौंदर्य करण के लिये विशेष योजना भी बनायेंगे।

## चिन्ताहरण काले हनुमानजी मंदिर में अन्नकूट का भोग लगाया

**जयपुर।** शहर के प्रजापति विहार, मानसरोवर स्थित चिन्ताहरण काले हनुमानजी मंदिर में हनुमानजी का रुई शृंगार कर 56 भोग व अन्नकूट का भोग लगाया गया।

महामंडलेश्वर मनोहरदास महाराज सानिध्य में अन्नकूट महोत्सव घूमघाम से मनाया गया। महामंडलेश्वर मनोहरदास महाराज ने बताया कि पंचदिवसीय दीपावली महोत्सव के आखिरी कार्यक्रम अन्नकूट पर मौसम की नई सब्जियों व अन्न का भोग भगवान को लगता है। उन्होंने बताया कि हनुमानजी महाराज का रुई से नयनाभिराम श्रृंगार किया गया।

उन्होंने बताया कि सुंदरकांड व सुमधुर भजनों से हनुमानजी को रिझाया गया। छप्पन भोग व अन्नकूट का भोग लगाकर दो हजार से ज्यादा भक्तों को पंगत प्रसादी जिमाई गई।

## ब्राह्मण समाज को नीचा दिखाने की कोशिश करना निंदनीय : अंबिका प्रकाश पाठक

**जयपुर।** ब्राहमण समाज राजस्थान की ओर से रविवार को सीकर रोड स्थित प्रधान कार्यालय स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ब्राहमण समाज राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष अंबिका प्रकाश पाठक ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि ब्राहमण समाज नाम ही नहीं बल्कि कर्म से भी अन्य सभी वर्गों से श्रेष्ठ है, लेकिन पिछले कई वर्षों से ब्राहमण समाज को नीचा दिखाने की कोशिश की जा रही है। उन्होने कहा कि हाल ही में जयपुर में पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने ब्राहमण समाज पर टिप्पणी की और इसके बाद भी उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इतना ही नहीं बांसवाड़ा में तो पुलिस के सोशल मीडिया पेज पर ब्राहमण समाज के लिए गलत टिप्पणी की गई। यह घटनाएं बताती है कि समाज की उन्नति से कुछ लोग खुश नहीं है।

स्नेह मिलन कार्यक्रम में जयपुर सहित आस पास के इलाकों से आए ब्राहमण समाज राजस्थान के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष शशिकांत शर्मा, प्रदेश महामंत्री दामोदर प्रसाद शर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री जमुना लाल शर्मा प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष डॉ शारदा शर्मा, प्रदेश विधि मंत्री एडवोकेट सुषमा पारीक, गोवर्धन लाल शर्मा मनमोहन मिश्रा सचिन शर्मा अनिस शर्मा सैकड़ों पदाधिकारी उपस्थित हुए।



**ब्राह्मण समाज राजस्थान की ओर से रविवार को सीकर रोड स्थित प्रधान कार्यालय स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया।**

## राज्यपाल ने किया अहिंसा रथ यात्रा का शुभारंभ

**जयपुर**, (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि भगवान महावीर आध्यात्मिक क्रांति के विराट व्यक्तित्व थे। उनके उपदेशों में सहज रूप में जीवन जीने के गहरे अर्थ समाहित हैं जो आज भी उतने ही प्रासंगिक है।

राज्यपाल मिश्र रविवार को नारायण सिंह सर्किल स्थित भट्टारक की नसियां में भगवान महावीर 2550वीं निर्वाणोत्सव समिति द्वारा आयोजित अहिंसा रथ प्रवर्तन कार्यक्रम में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर ने राज-वैभव को छोड़ आत्म कल्याण का मार्ग चुना। उन्होंने सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह , अचौर्य और ब्रह्मचर्य जैसे मूलभूत पंचशील सिद्धांत पहले स्वयं अपने जीवन में उतारे। उन्होंने अपने आदर्श जीवन से दूसरों को संदेश दिया कि जो दूसरों से आपकी अपेक्षा है, पहले वह अपने स्वयं पर चरितार्थ करें।

> ■ **‘आध्यात्मिक क्रांति के विराट व्यक्तित्व थे भगवान महावीर, उनके उपदेश आज भी प्रासंगिक’**



**राज्यपाल कलराज मिश्र ने रविवार को नारायण सिंह सर्किल स्थित भट्टारक की नसियां में भगवान महावीर 2550वीं निर्वाणोत्सव समिति की ओर से आयोजित अहिंसा रथ प्रवर्तन कार्यक्रम में लिया।**


राज्यपाल ने कहा कि मनु स्मृति में धर्म के दस लक्षण बताए गए हैं। ये हैं धैर्य , क्षमा, संयम, चोरी न करना , शौच यानी स्वच्छता, इन्द्रियों को वश में रखना, बुद्धि, विद्या, सत्य और क्रोध न करना। इनका पालन करना ही धर्म है। उन्होंने कहा कि ईशावास्योपनिषद में तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा: का मंत्र दिया गया है अर्थात् त्यागपूर्वक भोग करो।

राज्यपाल मिश्र ने कहा कि भगवान महावीर ने सभी जीवों से मैत्री रखने के साथ हृदय में क्षमा के भाव संजोए रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जैन धर्म में क्षमापना की यह विरल दृष्टि भगवान महावीर की ही देन है। उन्होंने कहा कि महावीर का जीव हिंसा नहीं करने का मार्ग पारिस्थिकी संतुलन का वैज्ञानिक आधार लिए है। राज्यपाल ने इस अवसर पर भगवान महावीर के दर्शन, सिद्धान्तों और उपदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भगवान महावीर निर्वाणोत्सव अहिंसा रथ यात्रा का शुभारम्भ किया। उन्होंने इसकी प्रेरणा देने के लिए आचार्य सुनील सागर की सराहना की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अहिंसा रथ अहिंसा, सदाचार और शाकाहार की शिक्षाओं को जन- जन तक पहुंचाएगा।

आचार्य सुनील सागर ने कहा कि श्रमण परंपरा और वैदिक परंपरा इस देश की महान परम्पराएं हैं जो प्राचीन काल से ही साथ चलती आ रही हैं। उन्होंने कहा कि संविधान में जिन मूल कर्तव्यों का उल्लेख किया गया है, वही जैन धर्म की भी महत्वपूर्ण शिक्षाएं हैं। उन्होंने इस अवसर पर सभी से स्वभाषा, संस्कृति और सुसंस्कारों को अपनाने का आव्हान किया।

आचार्य डॉ. लोकेश मुनि ने कहा कि आज दुनिया को भगवान महावीर के अनेकांत दर्शन की सबसे अधिक जरूरत है जो अपने मत के साथ दूसरों के मत का भी सम्मान करने की शिक्षा देता है।

नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

## जिला परिषदों में आमुखीकरण कार्यशालाएं आज

**जयपुर**, (का.सं.)। मुख्यमंत्री ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के आमुखीकरण के लिए 31 अक्टूबर, सोमवार को सभी जिला परिषदों में कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। इन कार्यशालाओं में प्रत्येक ब्लॉक के विकास अधिकारी, सहायक अभियंता, सहायक लेखाधिकारी, कनिष्ठ अभियंता एवं एमआईएस मैनेजर शामिल होंगे। कार्यशाला में राज्य स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर टेनर्स द्वारा ब्लॉक स्तरीय कार्मिकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

आयुक्त ईजीएस शिवांगी स्वर्णकार ने बताया कि इसी प्रकार ब्लॉक स्तर पर कार्यशालाएं 2 नवम्बर को होंगी। इसमें सभी जेटीए, सरपंच एवं ग्राम विकास अधिकारी प्रतिभागी होंगे। इसमें जिला स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर टेनर्स द्वारा ग्राम पंचायत स्तरीय कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि गुरूवार को राज्य स्तर पर प्रत्येक जिले से पांच-पांच अधिशाषी अभियंता ईजीएस (एम्प्लॉयमेंट गारंटी स्कीम), जिला एमआईएस मैनेजर एवं तीन-तीन विकास अधिकारियों को मास्टर टेनर के रूप में जयपुर के इंदिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान में योजना का गहन एवं इंटरेक्टिव प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

## पर्यटन के सस्टेनेबल मॉडल पर ध्यान देने की जरूरत

**जयपुर**, (का.सं.)। फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म इन राजस्थान (एफएचटीआर) की 7वीं वार्षिक जनरल मीटिंग होटल क्लार्क्स आमेर में आयोजित की गई। इस अवसर पर, एफएचटीआर के पेटरन और भारत सरकार के पूर्व पर्यटन सचिव, ललित पंवार ने रोजगार, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण के मामले में पर्यटन के लाभदायक लेकिन सस्टेनेबल मॉडल पर ध्यान देने की जरूरत पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि पर्यटन के विभिन्न संसाधनों की क्षमता का प्रभावी रूप से उपयोग किया जाना चाहिए लेकिन उन्हें महत्व देना और उनका बचाव करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

इससे पहले, एफएचटीआर के अध्यक्ष, अपूर्व कुमार ने जुलाई 2021 से लेकर अब तक संगठन की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए प्रजेंटेशन प्रस्तुत की। इनमें पर्यटन के लिए उद्योग का दर्जा हासिल करना, राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट, डिजिटल मार्केटिंग कैम्पेन्स के माध्यम से पर्यटन के विभिन्न पहलुओं को बढ़ावा देना शामिल है। एफएचटीआर की ओर से कुमार ने मुख्यमंत्री, अशोक गहलोत और पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार को भी एफएचटीआर और पर्यटन क्षेत्र को अपना निरंतर सहयोग देने के लिए धन्यवाद दिया। इस दौरान उन्होंने पंवार को राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट 2022 की विस्तृत रिपोर्ट की एक प्रति भी भेंट की।



**फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म इन राजस्थान की 7वीं वार्षिक जनरल मीटिंग होटल क्लार्क्स आमेर में आयोजित की गई।**

एफएचटीआर के कोषाध्यक्ष, तरुण बंसल ने प्रॉफिट एंड लॉस अकाउंट सहित वार्षिक बजट रिपोर्ट प्रस्तुत की। वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कुलदीप सिंह चंदेला ने राजस्थान में एक गैस्ट्रोनॉमी से संबंधित सेमिनार और कार्यक्रम आयोजित करने और कलिनरी स्टेपल से आगे बढ़ने का विचार साझा किया। एफएचटीआर के पूर्व अध्यक्ष, रणधीर विक्रम सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर एफएचटीआर के उपाध्यक्ष, खालिद खान; ऑननरी सेक्रेटरी जनरल, मोहन सिंह सहित एफएचटीआर के अन्य कार्यकारी सदस्य उपस्थित रहे।

**NAME CHANGE**

I army no 14441777P Rank Ex L NK Birbal Yadav S/o Shiv Sahay Yadav R/o village Singod Lalan Teh Chomu Via Khejroli Dist. Jaipur that I have changed my daughter name from GUDDY to GUDDI YADAV (DOB 9/4/2005) vide affidavit dated 28 Oct 2022 before district notary Jaipur.